# केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 (ओसीएफ़) शाहजहाँपुर

## 51वीं संभागीय क्रीड़ा प्रतियोगिता - रोप स्किपिंग (बालिका एवं बालक वर्ग)

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 ओसीएफ शाहजहांपुर में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 51वें संभागीय क्रीड़ा समागम के अंतर्गत दिनांक 14.07.2022 से 16.07.2022 तक बालिका वर्ग तथा दिनांक 20.07.2022 से 22.07.2022 तक बालक वर्ग रोप स्किपिंग प्रतियोगिता ( अंडर 14, 17, 19 ) का आयोजन किया गया।

उपरोक्त प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में 7 विद्यालयो से कुल 95 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया एवं बालक वर्ग में 8 विद्यालयो से कुल 73 बालकों ने प्रतिभाग किया |

बालिका वर्ग रोप स्किपिंग प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों - 30 सेकंड स्पीड, 30 सेकंड डबल अंडर, 3 मिनट इंडोर्स, व स्पीड रिले 30 सेकंड, फ्री स्टाइल इंडिविज़ुअल, डबल डच चैंपियनशिप व टीम फ्री सिंगल चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक 17 स्वर्ण, 06 रजत व 03 कांस्य पदक केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 शाहजहांपुर की दोनों पालियों के प्रतिभागियों ने प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर केंद्रीय विद्यालय आर. डी. एस. ओ. लखनऊ की टीम ने 02 स्वर्ण, 08 रजत व 02 कांस्य पदक जीते। केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 ओसीएफ शाहजहांपुर को 02 स्वर्ण, 04 रजत, केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ को 02 स्वर्ण, 03 रजत व 04 कांस्य पदक प्राप्त हुए। के. वि. लखीमपुर ने 01 स्वर्ण, 01 रजत तथा 04 कांस्य पदक जीतने में सफलता पाई। के. वि. भेल जगदीशपुर को भी 01 स्वर्ण, 01 रजत तथा 03 कांस्य पदक मिले।
रोप स्किपिंग प्रतियोगिता - बालक वर्ग (अंडर 14, 17, 19) की विभिन्न श्रेणियों में सर्वाधिक 14 स्वर्ण, 08 रजत व 04 कांस्य पदक केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 शाहजहांपुर की दोनों पालियों के प्रतिभागियों ने प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 ओसीएफ शाहजहांपुर की दोनों पालियों ने 08 स्वर्ण, 02 रजत व 08 कांस्य पदक प्राप्त किए। के वि फतेहगढ़ के प्रतिभागियों ने 03 स्वर्ण, 08 रजत व 3 कांस्य पदक जीते। के वि लखीमपुर की टीम ने 03 स्वर्ण, 05 रजत व 3 कांस्य पदक प्राप्त किए। के वि आई आई टी कानपुर को 01 रजत व 01 कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा। सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले के वि 2 शाहजहांपुर के विद्यार्थियों विशाल, हिमांशु राना, आयुष, व रामजी पाल, के वि 1 से आयुष जौहरी, विश्वजीत आर्य, अरीब, व प्रत्युष , के वि फतेहगढ़ से आयुष यादव तथा के वि लखीमपुर से तन्मय का चयन केंद्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने के लिए हुआ है।
प्रतियोगिताओं के उद्घाटन एवं समापन समारोह में विद्यालय प्रबंध समित के अध्यक्ष एवं आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर के महाप्रबंधक श्री वी. मतिवाणन, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री असद अली खान, उप-प्राचार्य प्रथम पाली श्री विजय प्रकाश, विद्यालय की दोनों पालियों के खेल एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक श्री रवि शर्मा एवं हरिकेश यादव तथा विभिन्न समितियों के प्रभारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति बनी रही। विद्यालय द्वारा

प्रतिभागी विद्यार्थियों व अनुरक्षकों के लिए रहने – खाने के लिए की गयी व्यवस्था की सभी के द्वारा सराहना की गयी। स्थानीय समाचार पत्रों ने भी विद्यालय में संपन्न हुए इन कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्टिंग करते हुए छाया चित्रों सहित खबरें प्रकाशित कीं।

रोप स्किपिंग बालिका एवं बालक वर्ग की इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में 'इंडियन रोप स्किपिंग फेडरेशन' से श्री गोविंद (मुख्य निर्णायक), हिमांशु मनिकपुरी, कोमल कश्यप, आएशा, रोहित पटेल एवं अनंत शुक्ला रहे।

पदक प्राप्त करने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्थल प्राचार्य द्वारा सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं सभी के लिए बड़े अवसर लेकर आती हैं, हमें इसने प्रेरणा लेते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहना है। प्रतियोगता में कोई पदक प्राप्त नहीं कर पाने वाली प्रतिभागी बालिकाओं के लिए भी उन्होंने कहा कि यह आप सबके जीवन का एक ऐसा अवसर है, जो आपको एक सीख देकर गया है। अपने इस हुनर को और निखारिए तथा पुनः प्रयास करने के लिए तैयार रहिए। संभाग स्तर पर रोप स्किपिंग क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 ओसीएफ शाहजहांपुर को चयनित कर अवसर प्रदान करने के लिए प्रभारी प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य द्वारा उपायुक्त महोदय एवं सहायक आयुक्त महोदया का आभार व्यक्त किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के समापन के अवसर पर इस सम्पूर्ण आयोजन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से अपनी – अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य श्री विजय प्रकाश द्वारा दिया गया।